Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 07-04-2023 अंक 534

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर में चालक समेत दो युवक गम्भीर रूप से घायल



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी थाना क्षेत्र के राजधनवार–सरिया मुख्य मार्ग बरहमसिया गाँव के पास शुक्रवार देर शाम लगभग 8 बजे दो मोटरसाइकिल हीरो ग्लैमर की आमने–सामने टक्कर हो गई जिससे चालक समेत दो युवक घायल हो गए जिसमें एक कि हालत गम्भीर है । घायलों की पहचान माखम. रगो निवासी 20 वर्षीय अनुज पासवान तथा 18 वर्षीय सूरज पासवान के रूप में हुई है । जानकारी के अनुसार बता दें घायलों ने बताया कि बरहमसिया से अपने घर माखमरगो जा रहे तभी विपरीत दिशा से आ रही हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर हो गई जो अरारी के अर्जुन यादव एवम बालेश्वर पंडित की बताई जा रही है वे दोनों मोटरसाइकिल में प्लाय लोडकर अपने घर जा रहे थे । स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी भेजवाया जिसका उपचार डॉ पी के अग्रवाल ने किया तथा एक कि गम्भीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया।

### बिरनी में ट्रक और मोटरसाइकिल में भिड़ंत दो लोग गम्भीर रूप से घायल

**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी थाना क्षेत्र के सरिया–राजधनवार मुख्य मार्ग पर माखमरगो के पास शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे ट्रक और मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गई जिसकी गाड़ी संख्या हीरो स्प्लेंडर प्लस जे एच् 11 जे 1206 है । जिससे मोटरसाइकिल चालक व सवार दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए । घायलों की पहचान राजधनवार प्रखण्ड के चन्दरखो निवासी 23 वर्षीय विक्रम सिंह तथा पश्चिम बंगाल के बितभूम जिला निवासी 22 वर्षीय आयन मण्डल के रूप में हुई है । दोनों मोटरसाइकिल में सवार होकर सरिया से बिराजपुर आ रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही ट्रक अपनी ने चपेट में ले लिया । स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी ले गए जिसका उपचार डॉ० ताज ने किया तथा गम्भीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया । वहीं स्थानीय लोगों ने ट्रक को रोककर थाना को सूचना दे दिया है ।

### जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का कल होगा आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**

कांग्रेस पार्टी बरही इकाई जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन रविवार को बरही बाजार में होना सुनिश्चित है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधानसभा प्रभारी अशोक सिंह, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित रहेंगे। जिसमें जिला से दो– दो प्रभारी के रूप में संजय यादव एवं रवि शंकर अकेला मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस बाबत कांग्रेस पार्टी बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने बीससूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सभी सदस्य गण सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता गण, वरिष्ठ कार्यकर्ता गण एवं सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण सहित कांग्रेस पार्टी के सभी समर्पित कार्यकर्ताओ से कार्यक्रम शामिल होने का आग्रह किया है।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

# क्षत्रीय दहेज उन्मूलन समिति महासभा उत्तरी छोटानागपुर झारखंड का 97वां अधिवेशन कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

## क्षत्रिय महासभा के उत्थान के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलने की है जरूरत : गोपाल सिंह

## क्षत्रीय समाज की एकता व अखंडता के लिए सभी को एक मंच पर आना आवश्यक : राजसिंह चौहान





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रखंड बरही के अंतर्गत कटियोन में क्षत्रीय दहेज उन्मूलन समिति महासभा उत्तरी छोटानागपुर झारखंड का 97वाँ अधिवेशन आज से शुरू हुआ। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, कोडरमा, धनबाद आदि जिलों से क्षत्रिय बंधु शामिल हुए। इस दौरान क्षत्रिय धर्मशाला वीर कुंवर सिंह रोड बरही में एकत्रित होकर सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल एवं कार के साथ बरही चौक आए। बरही चौक पर अध्यक्ष गोपाल सिंह, युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही बरही डूमरडीह से होते हुए कार्यक्रम स्थल कटियोन आए। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक के साथ–साथ क्षत्रिय बंधुओं के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाते आज से होने वाले तीन दिवसीय अधिवेशन के कार्यकारी अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह को नियुक्त किया गया और उन्हें पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह एवं क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह संरक्षक अवधेश कुमार सिंह, युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान एवं समस्त पदाधिकारियों को पगड़ी एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि क्षत्रिय महासभा के उत्थान के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत है। युवा अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने कहा कि आज वक्त आ गया है कि संपूर्ण क्षत्रिय समाज एक मंच पर आए, ताकि समाज की एकता व अखंडता नया अध्याय जुड़ सके। इस दौरान उन्होंने समाज में फैल रही कुरीतियों पर अंकुश लगाने और समाज को संगठित करने पर, दहेज मुक्त समाज एवं मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाज से दूर किये जाने की बात कही। मौके पर बिहार के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष गोपाल सिंह, युवा प्रमंडलीय अध्यक्ष राज सिंह चौहान, संरक्षक अवधेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, तीन दिवसीय कार्यक्रम के अध्यक्ष पत्रकार अनुज कुमार सिंह, व्यवस्थापक समिति के अध्यक्ष सिद्धेश्वर सिंह, सचिव बसंत सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह, संरक्षक लक्ष्मी नारायण सिंह, सदस्य दिगंबर सिंह, सुजीत सिंह, कृष्णा सिंह, मिथलेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, टीचर संजय सिंह, संजय सिंह, रामलखन सिंह, कन्हाय सिंह, सुखदेव सिंह, रविंदर सिंह, मंटू सिंह, केदार सिंह, जगदीश सिंह, उमेश सिंह, दिनेश्वर सिंह, उदय प्रताप सिंह, रामचंद्र सिंह, इशो सिंह, सतेंद्र सिंह, प्रभु नारायण सिंह, कैलाश पति सिंह, बिनोद सिंह, त्रिभुवन सिंह, राकेश सिंह, भोला सिंह, शम्भू सिंह, मनोज सिंह, शैलेश सिंह, सकलदेव सिंह, प्रमोद सिंह, बच्चू सिंह, प्रदुमन सिंह, अजय सिंह, देवेंदर सिंह, मिथिलेश सिंह शामिल है।

# सीआरपीएफ डायरेक्टर जेनरल ने कोबरा के जवानों व पुलिस पदाधिकारियों को कोबरा बरही में किया पुरस्कृत






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

चतरा लावालौंग क्षेत्र में सीआरपीएफ इकाई कोबरा वाहिनी 203 व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भाकपा माओवादी नक्सल संगठन के 25 लाख के नामी नक्सली समेत अन्य को मार गिराया था। जिसके बाद शनिवार को कोबरा वाहिनी 203 में सीआरपीएफ के डायरेक्टर जेनरल सुजाय लाल थाउसन (आईपीएस) कोबरा के जवानों व पुलिस पदा. धिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने जवानों का हौसला अफजाई करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। साथ ही 203 कोबरा के 22 जवान, 134 बटालियन सीआरपीएफ और चतरा पुलिस की संयुक्त टीम को पुरुस्कृत किया। कोबरा 203 के पुरुस्कृत होने वाले जवानों में कमांडेंट राजीव कुमार, आईसी गौरव कुमार, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, सहायक कमांडेंट परितोष कुमार दिवेदी, सहायक कमांडेंट रवि किरण गुर्रम, इंस्पेक्टर जेफ्री मिंगचुलो, इंस्पेक्टर निलमय सोम, इंस्पेक्टर राहुल कुमार, प्रदीप कुमार, प्रदीप कुमार, संजीव रंजन सिंह, अजय कुमार, देवेंद्र कुमार, आदेश ओझा, संजय चौहान, कृष्णा कुमार नायक, ई मारुति, सतीश कुमार मुंडा, आदित्य राज, बिकेश कुमार सिंह, जी महेश नायडू एवं चिरंजीव पारते शामिल है।

APEM LIVE

दिनांक: 08-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## श्रीदस स्कूल ने की अपने नए सत्र की शुरुआत कविता एवं भाषण प्रतियोगिता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



देव चंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल की ओर से नए सत्र की शुरुआत कविता एवं भाषण प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कला कौशल का परिचय देते हुए बहुत ही सुंदर कविताओं का गायन प्रस्तुत किया । जिनमें कक्षा नर्सरी से कक्षा चतुर्थ के बच्चों ने भाग लिया । भाषण प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से कक्षा दसवीं के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं । ऐसे में उनकी इस प्रतिभा को सही मार्गदर्शन एवं दिशा के साथ-साथ अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है। जिस का निर्वाहन हम भली भांति करते रहे हैं। इन बच्चों ने अपनी सोच एवं सृजनशीलता का परिचय दिया । विद्यालय विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में कौशल का विकास व उनकी प्रतिभा का चहुमुखी विकास में पहल करता रहेगा। इस नए सत्र की शुरुआत प्रतियोगिता से कराने का हमारा उद्देश्य नए बच्चों के अंदर एक उत्साह का संचार करना ताकि वो नए जोश के साथ अपनी पढ़ाई की शुरुआत कर सके। जिन विद्यार्थियों ने इस प्रतियो. गिता में भाग लिया उनमें छवि, गुंजन, राजनंदनी, अवनी सिंह, अवंतिका, सक्षम, आदर्श, नाजिया, अभिषेक, आशीष, रिया रानी, पलक, सुहानी, बिंदिया, सृष्टि, जैसमीन, राजन, प्रिंस ,सुजल, तमन्ना, रेहान, अभिनव, लक्ष्मी, विद्या, अर्चना आदि।

## संजय मेहता ने मुख्यमंत्री एवं डीजीपी को लिखा पत्र

### हजारीबाग, कोर्रा थाना कांड संख्या 53/2023 में निर्दोष व्यक्तियों के नाम अंकित किए जाने पर निष्पक्ष अनुसंधान की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं सोशल एक्टि. विस्ट संजय मेहता ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पुलिस महा. निदेशक, पुलिस उप महा. निरीक्षक, हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से संजय मेहता ने हजारीबाग, कोर्रा थाना कांड संख्या 53/23 की निष्पक्ष अनुसंधान करने की मांग की है। संजय ने पत्र में लिखा है कि कांड संख्या 53/23 में आई. पीसी की धारा 147, 148, 149, 120 (बी), 186, 188, 153 (ए), 294, 295 (ए), 341, 342, 323, 324, 325, 307, 332, 333, 353, 504, 506. मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 52, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 की धारा 5, द बिहार कंट्रोल अ०फ द यूज एंड प्ले अ०फ लाउडस्पीकर एक्ट 1955 की धारा 2 के तहत यह मामला दर्ज किया गया है। जिसमें 29 नामजद अभियुक्त बनाए गए हैं। साथ ही 150-200 अन्य अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस प्राथमिकी में जिस घटना का उल्लेख किया है उस घटना के दौरान जो व्यक्ति वहाँ मौजूद भी नहीं थे उनका नाम भी इस प्राथ. मिकी में जोड़ दिया गया है। कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस पूर्वाग्रह से प्रेरित होकर इस तरह की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने जो आरोप लगाएं हैं वे भी बेबुनियाद हैं। पुलिस ने भ्रामक तथ्यों का उल्लेख प्राथमिकी में किया है। बताया कि पुलिस के द्वारा दर्ज किए गए इस प्राथमिकी से निर्दोष लोग परेशान हैं। वे मानसिक तौर पर प्रताड़ित हो रहे हैं। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा इस तरह से बिना जाँच-पड़ताल, छानबीन के प्राथमिकी दर्ज कर लिया जाना पुलिस व्यवस्था के प्रति गहरी निराशा को भी जन्म दे रहा है। संजय ने मुख्यमंत्री समेत पुलिस पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि इस मामले की उचित निष्पक्ष अनुसंधान करते हुए निर्दोष व्यक्तियों का नाम इस केस से हटाया जाए।

## भंडारों में इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी का आयोजन सदर मो जहूर ने ग्रामीणों को इफ्तार कराया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के विधान सभा अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम, सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान एवं डपोक पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रमजान अंसारी शामिल हुए। वहीं मो कयूम ने इफ्तार पार्टी के महत्व को बताते हुए कहा की रमजान के दौरान अपना उपवास तोड़ने के लिए सूर्यास्त के समय मु. सलमानों द्वारा खाए जाने वाले भोजन का नाम है। वहीं रोजा रखने रखने वालों के लिए यह दिन का मुख्य भोजन है। मो शहंशाह, गुलाम अजहर, मो ताजीम, तैयब अंसारी, अब्दुल कैयूम, अब्दुल हमीद, सेराज अंसारी, रि. जवान अंसारी, मकबूल अंसारी, मुस्लिम अंसारी, अब्दुल कलाम, आजाद अली, रहमत अली, सिकंदर अंसारी, महशर अंसारी, मेराज अंसारी, अली हुसैन, मेंहदी हुसैन, तबर्क हुसैन आदि उपस्थित रहें।

## आम बगीचे में आग लगी सैकड़ो आम के पौधे जले

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा बेलकपी पंचायत क्षेत्र के बाराडीह में बीते रात अज्ञात उपद्रवियों ने आम के बगीचे में ईर्ष्या में आकर आग लगा दी जिससे बगीचे के मालिक मिथलेश पांडेय पिता श्री स्व- जगदीश पांडेय को हजारों की क्षति हुई ज्ञात हो मिथलेश पांडेय ने सरकार द्वारा प्रयोजित मनरेगा योजना के तहत आम बागवानी योजना का निर्माण किया था जिसे अज्ञात लोगों द्वारा जला दिया गया जिससे आम के लभगभ पेड़ झुलस गय,सूचना मिलते ही पंचायत की मुखिया ललीता देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि सह झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय मामला को संज्ञान में लिया एवं गोरहर थाना प्रभारी कृष्णा शाह को सूचना दी योजना के तहत आम का पेड़ लगाया गया था एवं उक्त जगह पर टपक सिचाई योजना के तहत पीवीसी पा. इपलाइन भी चारों तरफ बिछाया गया था जो पूरी तरह जल गया एवं भारी नुकसान हो गया।जिससे लाभुक बहुत टूटा हुआ महसूस कर रहे पीड़ित किसान मिथलेश का कहना है कि आम के पेड़ों को उन्होंने बिना बिजली एवं पानी की व्यवस्था के बहुत मेहनत से पेड़ को बचाया गया था । मौके पर निरीक्षण को आए थाना प्रभारी कृष्णा शाह के द्वारा लाभुक को हिम्मत रखने व कहा गया दोषियों को शीघ्र पता लगाकर उचित कारवाई की जाएगी




## स्काई व्यू इंटरनेशनल स्कूल तितरचॉच में वार्षिक परिणाम घोषित

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



चंदवारा प्रखंड के स्काई व्यू इंटरनेशनल स्कूल तिलैया डैम रोड तितरच०च में शनिवार को वार्षिक परीक्षा सत्र 2022- 23 की परीक्षा फल प्रकाशित करते हुए सभी छात्र छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड वितरण किया गया। परीक्षा परिणाम सुनकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा रही थी हर कोई अपना रिपोर्ट कार्ड अपने अभिभावकों को दिखाकर खुश नजर आ रहे थे। जिसमें कक्षा नर्सरी प्रथम अंश कुमार द्वितीय पीयूष कुमार तृतीय सृष्टि कुमारी कक्षा एलकेजी में प्रथम गौतम रजक द्वितीय तौफीक अंसारी तृतीय सौरभ कुमार कक्षा यूकेजी में प्रथम कलाम अंसारी द्वितीय पीयूष कुमार यादव तृतीय कुमारी कक्षा प्रथम में प्रथम प्रेम कुमार साव व समीर अंसारी द्वितीय अक्षर पासवान तृतीय सुमित मोदी कक्षा द्वितीय में प्रथम सोनू कुमार द्वितीय प्रिंस कुमार रवि तृतीय सोनम कुमारी कक्षा तृतीय में प्रथम सागर कुमार यादव द्वितीय विक्रम राज तृतीय रीया कुमारी कक्षा चतुर्थ में प्रथम हिमांशु कुमार द्वितीय शिवचरण राणा तृतीय आकाश रजक कक्षा पंचम में प्रथम शिवम रजक द्वितीय मोहम्मद इरशाद तृतीय बजरंगी पा. सवान रहे। मौके पर प्रधानाध्यापक विवेक मांजी ने कहा कि बच्चों को उनकी सफलताओं पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी छात्र छात्रा और बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और इससे भी बेहतर करें। मौके पर शिक्षक प्रमोद कुमार, राजेश कुमार रजक, रंजीत कुमार, रवि सागर, बबीता कुमारी, मधु राणा, अंजली कुमारी, सूरज कुमार पंडित, कुमार कांत सिन्हा समेत कई शिक्षक अभिभावक व छात्र छात्रा मौजूद थे।

APEM LIVE

दिनांक: 08-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 03

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो के बच्चों द्वारा निकाला गया प्रभात फेरी

**अपेम लाइव : बिरनी**
**लखदेव वर्मा**

बिरनी प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो के बच्चों द्वारा निकाला गया जागरूकता प्रभात फेरी बता दें कि एमआर टीकाकरण को लेकर आज उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो के शिक्षक महेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर टाटो गांव में जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें बीमारी से बचाव के लिए सावधानी बरतने के लिए बच्चों ने जागरूकता किया जिसमें से बच्चों ने नारे के साथ कहा एमआर टीकाकारण लगाने से कई प्रकार की



बीमारियां दूर किया जा सकता है जैसे खसरा बीमारी घर के अगल–बगल रखे साफ सफाई बीमारी को दूर भगाई जो खसरा का करेगा प्रचार ओ टीकाकरण का करे उपचार वही सहायक शिक्षक महेन्द्र प्रसाद ने बताया कि एमआर टीकाकरण को लेकर आज बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें खसरा जैसी बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता किया गया वही प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णा कुमार ने कहा सबकुछ ठीक है लेकिन विद्यालय में कुल 128 बच्चों का नामांकन हैं। और शिक्षक एक ये बहुत बड़ी दुखदाई है। कैसे सुधरेगा बच्चो की भविष्य प्रखंड से लेकर जिला तक शिक्षक की कमी को लेकर कई बार दिया गया आवेदन लेकिन अभी तक अधिकारी द्वारा कोई पहल नही हमे लग रहा है। कि बच्चो की भविष्य को लेकर कोई भी पदाधिकारी को दिलचस्पी नही है। मौके पर सैकड़ो छात्र छात्रा उप. स्थित रहे।

## सिविक एक्शन के तहत ग्रामीणों के बिच कढ़ाई और ड्रम का वितरण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : सीआरपीएफ 218 बटालियन के तत्वाधान में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत महुआडांड प्रखंड के बा. सकरचा स्थित कैंप में शिविर लगाकर गरीब परिवारो के बीच बर्तन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ कमांडेंट खालिद खान एवं अक्सी पंचायत की मुखिया रोजलिया टोप्पो की मौजूदगी में 39 लोगो को कढ़ाई और स्टील का ड्रम दिया गया।इस अवसर पर कमांडेंट खालिद खान ने कहा कि ग्रामीण एवं सुरक्षा बलों के बीच समन्वय स्थापित करने व भटके लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए इस तरह के




शिविर का आयोजन किया जाता है।इसका मकसद पुलिस और आम लोगों के बीच मित्रवत संबंध स्थापित करना है। जिससे क्षेत्र में नक. सलवाद की खात्मा हो एवं पुलिस के प्रति विश्वास कायम हो। सीआरपीएफ समय–समय पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराती रहती है।मौके पर निरीक्षक दिल. बाग सिंह, लालचंद, उप निरीक्षक शंभू सिंह तोमर, बा. बूलाल जाट एवं सीआरपीएफ 218 बटालियन के जवान मौजूद थे।

## बिरनी के सिमराढाब हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**अपेम लाइव : बिरनी**
**लखदेव वर्मा**

बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के सिमराढाब हनुमान मंदिर में गुरुवार रात को धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जिसकी अध्यक्षता सिकन्दर राणा ने किया । कार्यक्रम से पूर्व पूरे मंदिर परिसर को मंडप बनाकर सजाया गया जो आकर्षक था । हनुमान जन्मोत्सव को लेकर सामूहिक हनुमान चालीसा,सुंदरकांड,आरती की गई ।



हनुमान पाठ के बाद रा. जधनवार हेमरोडीह से आये कलाकारों शंकर ब्यास के द्वारा भजन कीर्तन किया गया जिसमें हनुमान भक्तों ने रातभर झूमे गाये व भक्ति में सराबोर हो गए ।
कार्यक्रम में अयोध्या से पधारे श्री श्री 108 श्रीर. ाममुकुण्द दास जी महाराज ने कहा चौत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को हनुमान जी का जन्म हुआ है इसलिए प्रत्येक वर्ष इसी तिथि को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है । किसी की जयंती या जन्म महोत्सव भारतीय सनातन धर्म शास्त्र के अनुसार उसी की मनाई जाती है जिसका ब्यक्तित्व और कृतित्व महान हो जिसके द्वारा समाज को नई दिशा मिली हो । श्री हनुमान जी महाराज इन्हीं श्रेष्ठ श्रेणियों में अग्रगण्य हैं इसलिए हम सब ईनकी ब्यक्तित्व और कृतित्व को आत्मसात करने के लिए मनाते हैं । समस्त देवी–देवताओं में श्री हनुमान जी का देवत्त्व श्रेष्ठ है । कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात सभी के बीच प्रसाद वितरण किया गया ।इस अवसर पर मंजु देवी,वीणा देवी, संगीता देवी, विद्या कुमारी,दिब्या कुमारी, रिया कुमारी ,पूजा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सोनम कुमारी तथा छोटे छोटे बच्चे समेत हज़ारों लोग उपस्थित थे ।

## सांसद के सौजन्य से लगा सोलर स्ट्रीट लाइट

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

महुआडांड़/लातेहार रूचतरा लोकसभा सांसद सुनील सिंह के सौजन्य से संसदीय क्षेत्र महुआडांड़ मंडल के 83 भाजपा के बूथ अध्यक्ष के घरो के सामने सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा है। स्ट्रीट लाइट लगाने का शुभारंभ शनिवार मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद,



महामंत्री जमूना प्रसाद, नेतृत्व में महुआडांड़, रामपुर आंनद नाथ शाह के सयुंक्त बूथ के अध्यक्ष अशोक नायक के घर के सामने सोलर स्ट्रीट लाइट लगाकर किया गया। अशोक नायक ने कहा कि इससे राहगीरों को भी रोशनी मिलेगी ।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

## कोनार में विस्थापितों का अनशन मांगों पर सहमति के बाद समापन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

डीवीसी के कोनार डैम कार्यालय के समक्ष विस्थापन में मिले भूमि के मालिकाना हक की मांग को लेकर विस्थापित संघर्ष मोर्चा, नावाटांड के ग्रामीणों का आमरण अनशन शनिवार को पांचवे दिन समाप्त हो गया। डीवीसी प्रबंधन एवं विस्थापितों के बीच हुए वार्ता के उपरांत मांगों पर सहमति का आश्वासन मिलने पर अनशनकारियों ने आमरण अनशन को समाप्त करने की घोषणा की। अनशनक. ारियों की दो सूत्री मांगों के बाबत डीवीसी प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि मौजा बनासो के टोला बनासो में परसाबेड़ा से पुनर्वासित परिवार के वंशज सत्यापित वंशावली के साथ प्रपत्र 12 भरकर 15 अप्रैल तक प्रस्तुत करें। डीवीसी उपल. ब्ध दस्तावेजों के आधार पर इसे अंचलाधिकारी को आगे की कार्यवाही के लिए अग. सारित करेगा। इसके अलावा डीवीसी प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि डीसी



हजारीबाग को विस्थापित परिवारों के लिए मौजा परसाबेड़ा के खतियान को ढूंढ़ने के लिए एक कमेटी गठित करने का आग्रह करेगी। वह कमेटी जिला अभिलेखागार में पुराने खतियान को ढूंढ़ने का प्रयास करेगी। जिला अभिलेखागार में नहीं मिलने की स्थिति में तत्क. ालीन बिहार राज्य अभिलेखागार, पटना में भी सर्च किया जाएगा। इसके बावजूद यदि खतियान नहीं मिल पाया तो डीवीसी झारखंड सरकार से दिशा–निर्देश लेगी। वहीं, वर्ष 2019 में आंदोलन के उपरांत बनी सहमति को डीवीसी एवं सीसीआर विभाग नीतिगत समीक्षा के लिए 10 दिनों के अंदर कोलकाता मुख्यालय अग्रसारित करने पर प्रबंधन ने सहमति जताई। इस सहमति पत्र पर अनशनकारी सहमत हो गए और अनशन समाप्ति की घोषणा की। इसके पश्चात जूस पिलाकर अनशनकारियों का अनशन समाप्त कराया गया। वार्ता में डीवीसी प्रबंधन की ओर से डीआरएलए राजेश पाठक, एसडीई गोपाल महतो तथा अनशनकारी पक्ष से बनासो मुखिया चंद्रशेखर, जीतन महतो, सहदेव राम, गंगाधर महतो, मनोज महतो के अलावा चंद्रनाथ भाई पटेल, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल मौजूद थे।

## बीएस डीएवी स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार रूजिला मुख्यालय के जलता ग्राम स्थित बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय के विभिन्न सदनों के नव. निर्वाचित कप्तान और उपकप्तान ने अपने कर्तव्यों उत्तरदायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का शपथ लिया । शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रार्थना सभागार में साप्ताहिक को कैरिकुलर एक्टिविटी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया जिसमें दयानंद , अरविंदो, विवेकानंद, श्रद्धानंद सदनों के नव निर्वाचित सदस्यों को उनके दायित्व सौंपे गये ᳵ समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन और सीसीए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा ने विभिन्न सदनों के सदन संचालकों के साथ संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य




ने कहा कि ‘यह पद शक्ति का नहीं बल्कि जिम्मेदारी का द्योतक है अतरू आप लोगों से अपेक्षा है कि इस जिम्मेदारी का निर्वाह कुशलतापूर्वक करेंगे। विद्यालय के विभिन्न सदनों के पदाधिकारी अपने सदन संचालकों के साथ कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न सदनों के प्रतीक ध्वज के साथ उपस्थित हुए। सीसीए इंच. ा ज सूरज कुमार मिश्रा ने अनुशासन तथा शिष्टाचार के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हुये विद्यार्थियों को विद्यालय की गरिमा को उन्नत करने की शपथ दिलाई।वहीं अरुण कुमार पांडेय ने बच्चों को विद्यालय में सीसीए की महत्ता को बतलाया।दयानंद हाउस में कप्तान शिवम मेहता, उपकप्तान आद्या श्रीवास्तव ,अरविंदो हाउस में कप्तान कुमार हर्षित, उप कप्तान ईशु बच्चन, विवेकानंद हाउस में कप्तान यशस्वी द्विवेदी, उपकप्तान मानसी सिंह, श्रद्धानन्द हाउस में कप्तान सोनाक्षी सिंह सुमन,उपकप्तान वत्सल राठौर का चयन किया गया। चारों सदनों के असेम्बली कोअ०र्डिनेटर के रूप में खुशी, एरम रज़ा, अंशु आर्या, तान्या कुमारी, एवं ह०उस बोर्ड इंचार्ज के रूप में परी, राजनंदिनी शाहदेव, नाव्या राणा, खुशबू को मनोनीत किया गया।इस दौरान विभिन्न सदनों के संचालकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन का पालन करें और अपने बड़ों और शिक्षकों का सम्मान करें ᳵ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत व् लगन से काम करें सफलता अवश्य मिलेगी ᳵइस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रवि प्रकाश तिवारी, सुशील दुबे,बीएन साहा, बसंत कुमार , अजीत कुमार ,शिक्षिका शकुंतला पाल सहित अन्य कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।



## कान्हाचट्टी प्रखण्ड के लिए काला दिन साबित हुआ शनिवार

### तीन पंचायतों में तीन लोगों की मौत से सकते में प्रखण्ड वासी, अलग अलग दुर्घटनाओ में तीन की मौत





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : कन्हाचट्टी प्रखंड के लिए शनिवार के दिन काला शनिवार के रूप में देखा गया प्रखंड में तीन पंचायत के तीन गांव में अलग अलग घटनाओं में तीन शव मिलने के बाद लोगों में दहशत का माहौल भी व्याप्त हो गया। बताते चलें कि राजपुर थाना क्षेत्र के मद गड़ा गांव में जहां एक वृद्ध महिला की हत्या कर दी गई वही तुलबुल पंचायत के डोका गांव में एक युवक ने विषपान कर अपनी इह लीला समाप्त कर ली वहीं तीसरी घटना थाना क्षेत्र के ही जमरी बक्सपुरा गांव के बक्सपुरा टोला के एक व्यक्ति की मौत कुआं में डूबने से हो गई। इस तरह की मौत के बाद प्रखण्ड के लोग सकते में हैं। पहली घटना मदगड़ा पंचायत के मदगड़ा गांव के रामवृक्ष सिंह की मां जो शनिवार के 4रु00 बजे सुबह महुआ चुनने के लिए घर से कुछ ही दूरी पर गई थी जहां उन्हें अज्ञात लोगों ने मार कर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। इसकी जानकारी शनिवार की सुबह गांव के लोग महुआ चुनने के लिए जमा हुए चुनने के लिए गए तो देखें कि एक शव पड़ा हुआ है ।इसकी सूचना ग्रामीणों ने मृतक के परिजन को दी एवं इसकी सूचना राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान को दी इसके बाद थाना प्रभारी विकास पासवान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया । समाचार लिखे जाने तक किसी भी व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी ।वहीं दूसरी घटना तुलबुल पंचायत के डोका गांव निवासी अशोक दुबे के 40 वर्षीय पुत्र अमित कुमार दुबे अपनी इह लीला समाप्त कर ली। डोका गांव के ग्रामीणों ने बताया कि अमित शराबी किस्म का युवक था और शराब के नशे में आकर उसने पहले घर में रखे सारे सामान को आग के हवाले कर दिया एवं खुद विषपान कर आत्महत्या कर लिया। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी ने उसकी भी शव को अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ।वहीं तीसरी घटना जमरी बक्सपुरा गांव के बक्सपूरा टोला निवासी कारु भुइयाँ की मौत भी शनिवार के रात्रि में कुआं में गिरने से हो गई ।तीनों शवों को राजपुर पुलिस ने कब्जे में लेकर उसे सदर अस्पताल भेजा एवं आंटीपरीक्षण कराकर परिजनों को शव को सौंप दिया ।इसके बाद एक दिन में शनिवार को तीन शव मिलने से खलबली मच गई। परि. जनों का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि मदगड़ा गांव की वृद्ध महिला की हत्या मामले में जांच किया जा रहा है परि. जनों के द्वारा आवेदन मिलने के बाद आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि अपराधी किसी भी सूरत में बचेंगे नहीं। इधर मत गड़ा गांव के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व का लोग बखान भी कर रहे हैं कि जिस तरह से रामनवमी के 1 दिन पूर्व हुए हत्या मामले में ब्लाइंड मर्डर को उद्‌भेदन किया उसी तरह इस बीच महिला की मौत के बाद भी हत्या में शामिल लोगों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजेंगे।

## तरावीह में सैकड़ों मुस्लिम धर्मावलंबी हुए शामिल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो0रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार रुमहुआडांड़ स्थित जामिया नूरिया उल इस्लाम में तरावीह किया गया। यह तरावीह शुरू रमजान से लेकर 15 रमजान तक चला। ज्ञात हो कि तरावीह की नमाज़ में कुरान मस्जिद के तीस पारे को बिना देखे हुए पढ़ी जाती है। यह बहुत बड़ी सआद. तमंदी की बात होती है जो हाफिज होते हैं वह बिना देखे इतनी मोटी किताब कुरान मजीद के 30 पारे को बिना देखे तरावीह की शक्ल में सुना देते हैं। रमजान के दिनों में तरावीह का एक अहम मुकाम होता है हर आम व खास लोग शामिल होकर अकीदत के साथ तरावीह की नमाज अदा करते हैं। हर वर्ष जिस इमाम के द्वारा तरावी पढ़ाई जाती है उन्हें मुक्तदियों की ओर से तो. हफा एवं नजराना दिया जाता है। इस वर्ष भी तो. हफा एवं नजराना के तौर पर नई कमेटी एवं पुरानी कमेटी के द्वारा संयुक्त रूप से 51781 रुपए इमाम को दिया गया। साथ ही कमेटी की ओर से शुक्रिया भी अदा की गई। तरावीह खत्म होने के उपरांत मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा इल्म यानी शिक्षा से संबंधित लोगों को बातें बताई गई उन्होंने कहा कि कुरान में अल्लाह के द्वारा जो सबसे पहले आयत नाजिल की गई वह इल्म यानी शिक्षा से संबंधित था इसलिए इस्लाम में इल्म को सबसे पहले तरजीह दी जाती है। शुरू से ही इस्लाम में इल्म सीखते को फर्ज बताया गया। वही कारी साहब,हाफिज ज़ावेद साहब, शहजाद आलम व मदरसे के तलबा के द्वारा नाम शरीफ़ पढ़ी गई। जिसके बाद मुफ्ती शब्बीर साहब के द्वारा बहुत ही अच्छे अंदाज में देश, दीन और दुनिया के लिए दुआ की गई। मौके हाजी मो. हम्मद साहब नसीर उद्दीन साहब सदरे आलम सज्जाद साहब सदर फहीम खान आजाद साहब तनवीर अहमद महमूद हसन शाहिद कमाल शमशाद अहमद मुजाहिद उर्फ गुड्डू बशारत अली इरफान अली उर्फ राम शहीद खान ड०क्टर जमशेद खान, खुर्शीद आलम इरफान आलम आरिफ आलम, लाडले हसन, समेत सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा तरावीह में शामिल होकर नमाज अदा की गई।






## अंधविश्वास के प्रति जागरूकता के लिए निकाली गई रैली

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो0 रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार रूडायन–कुप्रथा जादू, टोना जैसे अंधविश्वास के प्रति जागरूकता लाने को लेकर शनिवार को महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत परहाटोला गांव में मुखिया रीता खलखो की अध्यक्षता एवं जेएसएलपीएस के महिला समूह की सखी मंडल के नेतृत्व और नरेगा वाच सदस्य अफसाना के अथक प्रयास से महिलाओं द्वारा रैली निकालकर लोगो को अंधविश्वास के प्रति जागरूक किया. इस दौरान पूरे गांव के गली गली में भ्रमण किया गया, नरेगा वाच सदस्य अफसाना ने कहा कुछ दिनों पूर्व ओरसा पंचायत के जामडीह में जैसी घटना घटी वह सोचनीय है एवं बहुत ही दुखदाई था, मेरा प्रयास रहेगा, प्रखंड के सुदूर गांव में अंधविश्वास के प्रति लोगो में जागरूकता आये, इस तरह के रैली निकाली जाये, मौके पर उप मुखिया शारदा देवी, ललीता देवी, अमरमनी कुमारी, गुलाब देवी एवं सखी मंडल की महिलाएं मौजूद थे।

## झारखंड सरकार की 60 – 40 नियोजन नीति कतई बर्दाश्त नहीं : मिथलेश

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : छात्र नेता सह बड़कागांव प्रखंड खतियानी भाषा संघर्ष समिति अध्यक्ष मिथलेश कुमार उर्फ विकास ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड राज्य बने 22 वर्ष पुरा हो गया लेकिन स्थानीय विद्यार्थियों के लिए नियोजन नीति अभी तक नही बन पाया है। लोगों ने हेमंत सोरेन को माटी का बेटा समझ कर सत्ता में लाने का कार्य किया ताकि झारखंड में खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति बन सके एवं झारखंड के मूलवासी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक नौकरी मिल सके, लेकिन हेमंत सोरेन को सत्ता में आए हुए साढ़े तीन साल खत्म होने वाला है लेकिन विज्ञापन नही आ पाया । हाल ही में टीजीटी का विज्ञापन आया भी जिससे झारखंडी छात्रों में निराशा देखी जा रही है और सभी लोग एक ही नारा बुलंद किए हुए है ष60रू40 नाय चलतो, नाय चलतोष लेकिन सरकार कान में रूई डाले सोए हुए है। आज पढ़ने लिखने वाले छात्र सड़क पर आंदोलन कर रहे है। ताकि सही नियोजन नीति बन सके। हम सरकार से मांग करते है कि जल्द से जल्द 60रू40 नियोजन नीति को वापस लें और झारखंडियों के हित में नियोजन नीति बना कर जल्द से जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करें।




सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## राजसात वाहनों की नीलामी संपन्न,पेलोडर, हाइवा ट्रैक्टर एवं बालू की गई नीलामी

### 56 लाख 29 हजार 5 सौ रूपये की राजस्व की होगी प्राप्ति

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहाररूराजसात वाहनों के लिए खनन विभाग से निकाली गयी निविदा की नीलामी को लेकर शनिवार को उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी एवं विभाग के द्वारा निर्धारित राशि के एवज में नीलामी संपन्न हुई। जिसमें पेलोडर,हाइवा, ट्रैक्टर एवं अवैध रूप से जप्त बालू की नीलामी हुई। जिसमें पेलोडर 32 लाख,50 हजार,हाइवा 20 लाख 78 हजार,5 सौ, ट्रैक्टर 1 लाख 50 हजार की अधिकत दर पर नीलामी की गयी,जबकि बालू की नीलामी 1 लाख 51 हजार 1 सौ की राशि में हुई। जिला खनन पदाधिक. ारी आनंद कुमार ने बताया कि संवेदको को दस दिनों के अंदर निर्धारित दस प्रतिशत प्रतिभूति राशि के अलावे पूरी राशि जमा करवाना होगा। 56 लाख 29 हजार 5 सौ रूपये की राजस्व की होगी प्राप्ति

खनन विभाग के द्वारा रा. जसात वाहनों की नीलामी में विभाग को कुल 56 लाख,29 हजार,5 सौ रूपये की राजस्व प्राप्त हा. ेगी। (1) पेलोडर 32 लाख,50 हजार, खरीददार–मुकेश कुमार सिंह,पिता कृष्णा सिंह,बालूमाथा (2) हाइवा –राशि 20 लाख 78 हजार,5 सौ,खरीददार– भोला सिंह,पिता मनी प्रसाद सिंह,लातेहार (3) ट्रैक्टर, राशि 1 लाख 50 हजार, खरीददार– नरेश कुमार,पिता विरो राम,मनिका जुगूंर,लातेहार बालू की नीलामी 1 लाख 51 हजार 1 सौ की राशि में हुई एवं इसे अधिकतम बोली लगाकर उपकार,इंफाटेक्चरं, प्राइवेट लिमिटेड,पार्टनर–एम वा. सुदेव रेडडी, रेलवे कैंप बा. लूमाथ लातेहार नीलामी में गठित समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप,जिला खनन पदा. धिकारी,आनंद कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह,जिला लेखा पदाधिकारी, उपायुक्त वाणिज्यकर,पलामू एवं मोटरयान निरीक्षक,लातेहार समेत संवेदक मौजूद थे।

## आगजनी में लाखों का सामान जलकर खाक, 2 मई को है बेटी की शादी

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : शुक्रवार बीते रात लगभग 12 बजे बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला निवासी जोगेश्वर ठाकुर के घर में अचानक आग लग गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर में रखे सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने का सही कारण पता नहीं लग पाया है। आगजनी में जोगेश्वर ठाकुर के घर में एक हौंडा शाइन जिसका नंबर जेएच 02 एजेड 3186 है जल कर खाक हो गया। बता दें कि जोगेश्वर ठाकुर की बेटी की शादी 2 मई को है जिसे लेकर तैयारी जोरों पर थी। शादी की तैयारी के लिए रखे गए पलंग, चौकी, कुछ राशन एवं अन्य जलकर खाक हो गया। इस आगजनी में लगभग 2.50 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। सुबह मौके पर बड़कागांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर एवं मुखिया तकरीमुल्लाह खान ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लेते हुए प्रशासन से मुआवजे की मांग बीबी ही की है। ताकि पीड़ित को अपनी बेटी के शादी करने में मदद मिल सके।

## उपमुखिया के सासू मां के श्राद्धकर्म में रोशन लाल चौधरी शामिल हुए

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के पूर्वी पंचायत के उप मुखिया कुमारी प्रीति के सास की मृत्यु 26 मार्च को हो गई थी। 7 अप्रैल को श्रद्धा कार्यक्रम के मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह विधानसभा प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित किया।मौके पर आजसू नेता रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पूर्वी पंचायत के उप मुखिया के सासु मां के चले जाने से हम सभी लोगों ने अपना गार्जियन खो दिए।भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिवार वालों को इस दुख की घड़ी में दुख सहने का शक्ति प्रदान करें।मौके पर मुख्य रूप से उप मुखिया कुमारी प्रीति, प्रतिनिधि संतोष सोनी ,आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रवि राम, दिनेश महतो, अजय पोदार ,जसवंत कुमार के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## बरवाडीह से मालगाड़ी पिकअप वैन चोरी, थाने में दी आवेदन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




शुक्रवार रात्रि लगभग 1रू30 बजे बरवाडीह हेठगड़ा के समीप से कुणाल साव की मुर्गी मालगाड़ी बोलेरो पिकअप वैन चोरों ने उड़ा ले गए। मामले को लेकर पीड़ित कुणाल साव ने थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित ने बताया कि प्रति दिन की तरह शुक्रवार को मैंने अपने वाहन अपने घर के समीप खड़ा कर रखा था जिसका नंबर जेएच 02 एक्स 4661 है। सुबह जब उठा तो देखा कि मेरी वाहन घर के समीप खड़ी नहीं है। अगल–बगल पूछताछ की लेकिन वाहन का पता नहीं चल पाया जिसे लेकर थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। पिकअप वैन के ऊपर सपना ट्रेडर्स लिखा हुआ है। वाहन मालिक ने उक्त पिकअप वेन की जानकारी देने वालों को नगद इनाम देने की घोषणा की है।

## बड़कागांव आजसू पार्टी प्रखंड समिति की हुई बैठक

### हेमंत सरकार युवाओं को ठगने का काम कर रहा है : रोशन लाल चौधरी

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : आजसू पार्टी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा की अध्यक्षता एवं प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस की संचालन में एक विशेष बैठक किया गया।

बैठक में पार्टी के मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आगामी 10 अप्रैल को प्रखंड के सभी पंचायत प्रभारियों के साथ बैठक किया जायेगा। जिसके बाद 13 अप्रैल को सभी पंचायत से आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपायुक्त कार्यालय हजारीबाग में जाकर न्याय मार्च में शामिल होंगे।इसके साथ 14 अप्रैल को बड़कागांव पार्टी कार्यालय में भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ध. ूमधाम से मनाया जाएगा। इसके अलावा बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पंचायत में पंचायत प्रभारियों के द्वारा बैठक की जाएगी।साथ ही जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को आजसू पार्टी के कार्यों और पार्टी का झारखंड वासियों के प्रति निष्ठा और कर्मठता को पहुंचाया जाएगा। वही मौके बैठक में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रौशन लाल चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ता के बिना पार्टी कुछ भी नहीं है। आजसू पार्टी हमेशा कार्यकर्ता को साथ लेकर चलता है।आगे उन्होंने कहा कि केंद्रीय कमेटी के द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रमों को हम सभी को मिलकर सफल बनाना है उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एक स्वर में कहा कि आप सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में जनता के साथ जुड़ जाएं उनकी समस्याओं को सुने और समाधान करने का कार्य करें। अब 2024 ज्यादा दूर नहीं है और इस बार पूरी मजबूती के साथ हम लोगों को चुनाव लड़ना है।आगे उन्होंने कार्यकर्ताओं को यह भी कहा कि वर्तमान सरकार के नाकामयाबी को, जुमलेबाजी को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच. ाने का काम करें और ग्रामीणों को बताएं कि किस प्रकार से वर्तमान हेमंत सरकार जनहित के लिए कोई भी काम नहीं कर रहा है चाहे वह नियोजन नीति का मामला हो या फिर और 1932 का खतियान, या फिर सहिया और जल सहिया का मामला हो या फिर झारखंड के युवाओं को ठगने का मामला हो सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे रही है और ठग रहा है। इसलिए आने वाला समय झारखंडी जनता इस निकम्मी सरकार को करारा जवाब देगी। मौके पर मुख्य रूप से आज से पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, नागेश्वर तुरी, मोहम्मद आवेश ,फिरोज आलम ,दिनेश महतो, तुलेश्वर राम, संतोष कुमार सिन्हा, सुरेश कुमार दांगी, ललन कुमार सिन्हा, रामजी महतो, जागेश्वर प्रजापति, सुरेश गिरी, सोहन कुमार,विशाल कुमार,रंजन कुमार,राजेश कुमार,तुलेश्वर महतो, उपेंद्र कुमार,भोला चौधरी,अमित प्रसाद,भुनेश्वर कुमार, अर्जुन महतो,पूजा देवी, निर्मल महतो, सचिन महतो,वीरेंद्र यादव, जागेश्वर कुमार, तुलेश्वर कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उप. स्थित थे।

## सड़क हादसे में बनासो के युवक की जीटी रोड़ तिरला में मौत, दो घायल

### अज्ञात वाहन के कुचलने से हुई घटना, बाइक से शहरिया जा रहे थे तीनों युवक

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड़ तिरला में पेट्रोल पंप के पास शनिवार को सड़क हादसे में प्रखंड के बनासो निवासी युवक शेख दानिश (18) पिता शेख शमीम की घटनास्थल में मौत हो गई। वहीं, बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में शमीम अंसारी पिता स्व. शहादत हुसैन तथा अरबाज अली पिता हातिम अंसारी शामिल हैं। बताया जाता है कि एक बाइक पर सवार होकर तीनों युवक नावाडीह प्रखंड के शहरिया अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए निकले थे। जीटी रोड में जाने के दौरान तिरला पेट्रोल पंप के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें दो युवक किनारे गिरे जबकि पीछे बैठा एक युवक बीच सड़क पर गिर गया। इसी क्रम में पीछे से तेज गति से आ रही एक अज्ञात वाहन ने सड़क पर गिरे युवक को कुचल दिया। जिससे घटनास्थल पर हीं उसकी मौत हो गई। इधर, दोनों घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए बगोदर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को एसबीएमसीएच, हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं, मृतक के शव को बगोदर पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और मृतक के परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की।

